08.09.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पी0 एम0

प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसूनी बारिश का दौर जारी–कुछ स्थानों पर भारी वर्षा से जनजीवन प्रभावित।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा पर रवाना–राईजिंग राजस्थान इंवेस्टर्स समिट में निवेशकों को करेगें आमंत्रित।

- अंतर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर आज कई कार्यक्रम आयोजित–ऋषि पंचमी और गणेश उत्सव के भी हुए आयोजन।

- पेरिस पैरालंपिक खेलों का आज होगा रंगारंग समापन–भारत सात स्वणो के साथ अंकतालिका में 16 वें स्थान पर।

000

सितंबर महिने का पहला सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रदेश में मॉनसून अपनी पूरी रंगत में है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के चलते जन जीवन प्रभावित हुआ है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अलवर, भरतपुर, करौली, सिरोही, झालावाड़, बूंदी और टोंक जिलों में कही–कही भारी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान पूर्वी राजस्थान में सर्वाधिक 11 सेन्टीमीटर बरसात अलवर ज़िले के कठूमर में रिकॉर्ड हुई। इसी तरह पश्चिमी राजस्थान के सोजत में चार सेन्टीमीटर बारिश दर्ज की गई। केन्द्र ने अजमेर, जोधपुर, भीलवाड़ा, नागौर, पाली चित्तौडगढ़ और दक्षिणी ज़िलों में कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज़ बारिश और कही–कही भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इसी तरह जयपुर, अलवर और पूर्वी ज़िलों के साथ शेखावाटी क्षेत्र के ज़िलों और उदयपुर संभाग के कुछ भागों में हल्कि से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस बीच राजधानी जयपुर में दो दिन से जारी बारिश का दौर आज भी बना रहा। इस दौरान ज़िले भर में रूक–रूक कर बरसात होती रही। अजमेर में आज भी बारिश होने से आमजन का जीवन प्रभावित बना रहा। वहां सुबह धूप खिलने के बाद दोपहर बाद फिर से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ।

........................

पडौसी ज़िले केकड़ी में भी जारी झमाझम से नदी–नालों मे पानी की आवक बढ गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से डाई नदी उफान पर है, जिससे लसाडिया बांध की चादर तेज़ी से बह रही है।

............................

उधर पाली में भी लगातार बारिश से कई नदी नाले उफान पर आ गए है। ज़िले का समंद बांध दशकों बाद ओवरफ्लो हो गया है। जिला प्रशासन ने सर्तकता बढाते हुए लोगों से पानी के बहाव क्षेत्र से दूर रहने की अपील की है। हाडौती में भी पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश से कोटा बैराज का जलस्तर बढ़ गया है। आज बांध के दो गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है। इस बार रेगिस्तानी ज़िलों में भी अच्छी बारिश का सिलिसिला बना हुआ है। बालोतरा में आज फिर हुई मूसलाधार से निचले ईलाकों में पानी भर गया। वहां कल्याणपुर, पचपदरा, पाटोदी और गिड़ में जमकर मेघ बरसे।

000

राईजिंग राजस्थान इनवेस्टर्स मीट में निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा के लिए रवाना हुए। प्रदेश मे औधोगिक निवेश बढाने और उद्योगों को नई गति देने के उद्देश्य से दिसंबर में आयोजित होने वाले इस अन्तर्राष्ट्रीय इनवेस्टर्स मीट से पहले 09 से 14 सितंबर तक इन दोनो देशों में प्री इनवेस्टर्स मीट आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का प्रतिनिधित्व मण्डल इन दोनों देशों में उद्यमियों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा और राज्य सरकार की निवेश सहुलियतों और योजनाओं को उद्यमियों से साझा करेगा। मुख्यमंत्री की जयपुर एयरपोर्ट से रवानगी से पहले राज्य सरकार के मंत्रियों, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

000

जोधपुर मण्डल के डेगाना–रतनगढ रेलखण्ड पर इलेक्ट्रीक ट्रेन का संचालन शुरू हो गया। इस रेल मार्ग पर आज बान्द्रा–जम्मूतवी विवेक एक्सप्रेस को चलाया गया। मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 150 किलोमीटर लम्बे इस रेल मार्ग के रास्ते, अब जल्द ही दिल्ली तक इलेक्ट्रीक रेल चलायी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जोधपुर मण्डल पर संपूर्ण विद्युतिकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जोधपुर मारवाड जंक्शन, जोधपुर–बीकानेर ओर लूणी–भिलड़ी रेल मार्गों पर भी इलेक्ट्रीक रेल सेवा संचालित की जा रही है।

000

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जा रहा है। साक्षरता दिवस का इस साल का विषय–बहुभाषी शिक्षा संवर्धन : आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता रखा गया है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम है। श्री धनखड ने कहा कि यह युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का पूरा उपयोग करने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं की समृद्धि के मामले में भारत एक अनूठा देश है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा के महत्व पर बल दिया गया है। श्री धनखड़ ने सभी से कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में भी कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस सिलसिले में श्री गंगानगर के केन्द्रीय कारागृह में सभी के लिए शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला साक्षरता और सतत शिक्षा अधिकारी पन्नालाल कडेला ने बताया कि कार्यक्रम में बंदियों को कानूनी जानकारी दी गई और उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान गत परीक्षा में उपस्थित बंदियों को प्रमाण–पत्र बांटे गये। बाड़मेर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विचार गोष्ठी और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ रखा गया। हनुमानगढ़ में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य वाटिका प्रस्तुत कर पढ़ाई की उपयोगिता समझाई। इसी तरह डूंगरपुर ज़िला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में बडी संख्या में नव साक्षर शामिल हुए। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया।

00000

प्रदेश के कई भागों में आज विभिन्न समाजों की ओर से ऋषि पंचमी का पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधें। टोंक और सवाईमधोपुर में इस मौके पर विभिन्न आयोजन हुए। वहां आश्रमों और मठो में संत महात्माओं को भी रक्षा सूत्र बांधे गए। जैसलमेर के प्राचीन तीर्थ वैशाखी के कृष्ण कुण्ड में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की और स्नान किया। पाली के लाखोटिया सरोवर घाट पर लोगों ने पितरों का तर्पण किया। आज से ही दिगम्बर जैन समाज का दशलक्षण पर्व भी शुरू हुआ। पहला दिन उत्तम क्षमा दिवस के रूप में मनाया गया। जैन मंदिरों और जिनालयों में भगवान नेमीनाथ का अभिषेक का किया गया। दूसरी ओर गणेश उत्सव के दूसरे दिन आज गणेश पाण्डालों में आयोजन रखें गये है।

इस अवसर पर जयपुर में परम्परागत रूप से भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकाली गयी।

000

धौलपुर में कोमी एकता का प्रतीक मचकुण्ड धाम देवछठ मेला आज से शुरू हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में मुख्य मेला कल भरेगा। प्रदेश के विभिन्न अंचलों के साथ पडौसी राज्य मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु पहुंच रहे है। मेले में हिन्दू, मुस्लिम और सिख समुदाय की ओर से सम्मिलित रूप से कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। मेले को लेकर ज़िला प्रशासन ने कानून और व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक इन्तजाम किये है।

000

पेरिस पैरालंपिक खेल आयोजन आज देर रात संपन्न हो जायेंगे। भारत के लिए 2024 के पैरालंपिक खेल एक ऐतिहासिक मील के पत्थर के रूप में याद किए जाएंगे। भारत सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित कुल 29 पदक हासिल कर पदक तालिका में 16 वें स्थान पर है। समापन समारोह फ्रांस के नेशनल स्टेडियम में होगा। भारत की तरफ से स्वर्ण पदक विजेता, तीरंदाज हरविंदर सिंह और धावक प्रीति पाल ध्वजवाहक होंगे। एथलीट परेड के बाद खेलों की मशाल 2028 में होने वाले अगले पैरालंपिक खेलों के मेजबान लॉस एंजिल्स को सौंप दी जाएगी। इस बीच खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा कि भारत 2030 के यूथ ओलंपिक और 2036 के ग्रीष्म कालीन ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावा पेश करेगा।

आज नई दिल्ली में ऐशिया ओलांपिक परिसर की 44वीं महासभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों के दौरान मोदी सरकार ने देश का खेल बजट 470 मीलियन डॉलर कर दिया गया है ।

000

सरहदी ज़िले जैसलमेर में इस बार अच्छी बारिश से सैलानियों के साथ प्रवासी पक्षी भी खिचे चले आने लगे है। कुरजा पक्षियों ने ज़िले में कई स्थानों पर अभी से ही डेरा डाल दिया है। जिले के देगराय ओरण क्षेत्र के पास कुरजा पक्षियों का झुंड नजर आने से पर्यावरण प्रेमी काफी उत्साहित है।

......................

000